***@Shahjahanpurpol***

***प्रेस नोट सराहनीय कार्य दिनांक 05.09.2022***

***थाना गढ़िया रंगीन पुलिस को मिली बडी सफलता***

***अंतर्राष्ट्रीय बाजार मे 50 लाख रूपये कीमत की 500 ग्राम फाइन क्वालिटी की अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार ।***

श्री एस आनन्द पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में मादक पदार्थ की तस्करी व अपराध पर प्रभावी रोकथाम व अवैध शस्त्र व अवैध शराब व तस्करो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में एवं श्री संजीव कुमार बाजपेयी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शाहजहाँपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी तिलहर श्री बी0एस0 वीर कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष थाना गढ़िया रंगीन के नेतृत्व में थाना गढ़िया रंगीन पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली।

दिनांक 04.09.2022 को थाना गढ़िया रंगीन पुलिस टीम थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम , तलाश वांछित अपराधी में भ्रमणशील थी तो मुखबिर की सूचना पर ग्राम रामपुर गढिया रंगीन चौराहे पर समय करीब रात्रि 23.58 बजे मादक पदार्थ तस्कर अरमान खान को एक प्लास्टिक के पन्नी मे 500 ग्राम फाइन क्वालिटी की अफीम मय मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध मे थाना गढिया रंगीन पर मु0अ0सं0 399/2022 धारा 8/17 NDPS ACT बनाम अरमान खान पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः***

1-अरमान खान पुत्र शायर अली निवासी मोहल्ला गुलाबनगर वार्ड नं0 9 कस्बा व थाना बिसारतगंज जिला बरेली

***बरामदगी का विवरणः***

1. 500 ग्राम फाईन क्वालिटी की अफीम (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब पचास लाख रूपये)
2. एक अदद मोटरसाइकिल हीरो एच0एफ0 डीलक्स नं0 25 BQ 5956

***पंजीकृत अभियोग का विवरणः-***

1.मु0अ0सं0 399/2022 धारा 8/17 NDPS ACT थाना गढिया रंगीन बनाम अरमान खान

***पूछताछ विवरण**-*

अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि झारखण्ड से आने वाले ट्रको से कुछ लोग अफीम लेकर आते है जो हाईवे पर बने ढाबो पर बेच जाते है उन्ही से मैने यह अफीम खरीदी थी यह लोग अपना सही नाम नही बताते है तथा मै उन्ही से कम दामो मे अफीम खरीदकर यहा ग्राहक तलाश कर मुनाफा कमाकर पास पडोस के जिले शाहजहाँपुर , बदायू , पीलीभीत आदि में बेच देते है।

***गिरफ्तार करने वाली टीमः-***

1. SO सुन्दरलाल वर्मा थाना गढिया रंगीन शाह0
2. SI श्री प्रमोद कुमार थाना गढ़िया रंगीन शाह0
3. हे0का0 342 रणवीर सिंह थाना गढ़िया रंगीन शाह0
5. का0 1848 देवेन्द्र थाना गढ़िया रंगीन शाह0
6. का0 1827 हरेन्द्र थाना गढ़िया रंगीन शाह0
7. का0 2511 अभिषेक सैनी थाना गढिया रंगीन शाह0
8. का0 2667 राहुल कसाना थाना गढिया रंगीन शाह0
9. का0 2763 विनीत कुमार थाना गढिया रंगीन शाह0